छोटी छोटी गैया छोटे छोटे ग्वाल,
छोटो सो मेरो मदन गोपाल।।

आगे आगे गईया पीछे पीछे ग्वाल,
बीच में मेरो मदन गोपाल।।

कारी कारी गैया गोरे गोरे ग्वाल,
श्याम वरण मेरो मदन गोपाल।।

घास खाए गैया दुध पीवे ग्वाल,
माखन खावे मेरो मदन गोपाल।।

छोटी छोटी लकुटी छोले छोटे हाथ,
बंसी बजावे मेरो मदन गोपाल।।

छोटी छोटी सखियाँ मधुबन बाग़,
रास राचावे मेरो मदन गोपाल।।

छोटी छोटी गैया छोटे छोटे ग्वाल,
छोटो सो मेरो मदन गोपाल।।

इसी तरह के हजारों भजनों को,
सीधे अपने मोबाइल में देखने के लिए,
गूगल प्ले स्टोर से,

‘भजन डायरी एप्प’ इनस्टॉल करे।
वेबसाइट - **https://www.bhajandiary.com**